ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 19-06-2026

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-06-19 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-06-20	2026-06-21	2026-06-22	2026-06-23	2026-06-24
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	39.0	39.0	39.0	39.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	28.0	29.0	29.0	29.0	29.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	50	47	47	46
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	27	26	24	22	22
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	3	4	5	5	5
पवन दिशा (डिग्री)	270	270	267	261	265
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	2	8	8	2
चेतावनी	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

आमतौर पर परिवर्तनशील व बीच-बीच में बादल और कहीं कहीं मध्यम से तेज ह्वायों के साथ हल्की से माध्यम बारिश होने की संभावना। अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 28 से 29 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 3-5 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

20 और 24 को जून गरज-चमक एवं आकाशीय बिजली, झोंकेदार हवाएँ (स्क्वॉल) तथा तेज सतही हवाएँ

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

कोई अत्यधिक प्रभाव नहीं

सामान्य सलाहकार:

किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों की बुवाई हेतु खेत की तैयारी समय पर करें। खेत की एक बार मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करें तथा इसके बाद हैरो से 2–3 जुताइयाँ कर खेत को भुरभुरा एवं समतल बनाएं। बुवाई के लिए प्रमाणित एवं उन्नत किस्मों के बीज तथा आवश्यक पोषक तत्वों की अग्रिम व्यवस्था कर लें, ताकि मृदा में पर्याप्त नमी उपलब्ध होने पर समय पर बुवाई की जा सके। फसलों की बुवाई से 3–4 सप्ताह पूर्व 10–12 टन प्रति हेक्टेयर अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद खेत में डालकर मिट्टी में अच्छी तरह मिला दें, जिससे भूमि की उर्वरता एवं नमी धारण क्षमता में वृद्धि होगी।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की बुवाई का उपयुक्त समय जून माह के मध्य से जुलाई के तीसरे सप्ताह तक है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है उन्नत किस्मों के गुणवत्तायुक्त बीज तथा आवश्यक पोषक तत्वों की अग्रिम व्यवस्था करें। बाजरा की उन्नत किस्म एच एच बी - 67 (उन्नत) , एच एच बी -299, जी एच बी -538, आर एच बी -233, आर एच बी -121, आई सी एम एच -356 , एम पी एम एच- 17, एम पी एम एच- 21, एम पी एम एच –42, राज -171, सी जेड पी- 9802। बुवाई के लिए चार किलो बीज प्रति हैक्टेयर लें।
मूँग	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मूँग की बुवाई का उपयुक्त समय जून मध्य से मध्य जुलाई है अतः उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, तथा आवश्यक पोषक तत्वों की व्यवस्था करें। मूँग की उन्नत किस्म आर एम जी-62, आई पी एम-02-3, एम एच- 421, जी ए एम-5, जी ए एम-6, जी ए एम-7, आर एम जी-268, आर एम जी-344, एस एम एल-668, एम एच 2-15, आर एम जी-975, एम एस जे-118। मूंग बुवाई के लिए 15-20 किलो बीज प्रति हैक्टेयर लें।
ग्वारफली	ग्वार की बुवाई का उपयुक्त समय मध्य जुलाई तक है अतः उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, तथा आवश्यक पोषक तत्वों की व्यवस्था करें। ग्वार की उन्नत किस्मों जैसे आर.जी.सी.-936, आर.जी.सी-1033, एच.जी-2-20, आर.जी.सी-1038, आर.जी.सी-1031, आर.जी.सी-1017 व आर.जी.एम-112 की व्यवस्था करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मौसम में बदलाव जैसे नमी की स्थिति के कारण पशु को शेड और साफ क्षेत्र में रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। लौकी - यू.एस.एम.श्रवण, पूसा नवीन व पूसा मेघदूत। तोरई - पन्त तोरई-1, पूसा नसदार, पूसा चिकनी व अरका सुजात। टिन्डा - बीकानेरी गी्रन, अरका टिन्डा, । बुवाई से पूर्व 2 ग्राम थाइरम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
सामान्य सलाह	सब्जियों में रस चुसने वाले कीटों का प्रकोप बढ सकता है। अतः प्रकोप दिखाई देने पर मैलाथियान 50 ई.सी. एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

कोई नहीं

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

किसान भाई समय रहते सब्जियो और फल की तुडाई करें।

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details